संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E-Mail id : registrarsua@yahoo.in

क्रमांक/1241/परीक्षा/ नामांकन/2026 अम्बिकापुर, दिनांक 17/09/2026

—:: अधिसूचना ::—

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.) के अधिसूचना क्रमांक 1077/परीक्षा/ नामांकन/2026 अम्बिकापुर दिनांक 31.07.2026 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण विभागों एवं संबंद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेश लेने वाले छात्रों के विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://www.sggcg.in/** में ऑनलाईन नामांकन करने, नामांकन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने एवं नामांकन आवेदन जमा करने की तिथि निर्धारित किया गया था।

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्र. **ESTB/28957/2026/38-2** दिनांक **14-08-2026** द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं हेतु सत्र **2026–27** के लिए छात्र हित में सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश तिथि में **31-08-2026** तक वृद्धि की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्र. **ESTB/28957/2026/38-2** दिनांक **11-09-2026** द्वारा सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश तिथि में दिनांक **19-09-2026** तक वृद्धि की गई है।

उपरोक्त के परिपालन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण विभागों एवं संबंद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीट पर प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक **19-09-2026** होने के कारण नियमित प्रवेश लेने वाले छात्रों के विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://www.sggcg.in/** में ऑनलाईन नामांकन करने, नामांकन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने एवं नामांकन आवेदन जमा करने की तिथि में वृद्धि करते हुये निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है:—

क्र.	विवरण	तिथि
1	विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन नामांकन करने, नामांकन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने की तिथि (बिना विलंब शुल्क के)	**दिनांक 17.09.2026 से 30.09.2026 तक**
2	नामांकन आवेदन की हार्डकॉपी छात्रों द्वारा संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	**दिनांक 17.09.2026 से 01.10.2026 तक**
3	छात्रों द्वारा महाविद्यालय में जमा किये गये नामांकन आवेदनों की जॉच करने और पोर्टल में ऑनलाईन वेरीफाई करने की तिथि	**दिनांक 17.09.2026 से 05.10.2026 तक**
4	महाविद्यालय द्वारा नामांकन आवेदनों की हार्डकॉपी एवं संलग्न दस्तावेजों को विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि	**दिनांक 06.10.2026 से 10.10.2026 तक**

शैक्षणिक सत्र 2026–27 से लागू नामांकन शुल्क राशि रू. 200/— का भुगतान पोर्टल में ऑनलाईन माध्यम से करना होगा। अधिसूचना क्रमांक 1077/परीक्षा/ नामांकन/2026 अम्बिकापुर दिनांक 31.07.2026 में उल्लेखित निर्देश यथावत रहेंगे।

उप कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

पृ॰ क्रमांक/1242/परीक्षा/ नामांकन/2026 अम्बिकापुर, दिनांक 17/09/2026

प्रतिलिपि —

1. माननीय कुलपति के निज सचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
2. कुलसचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
3. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
4. विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षण विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर

5. वित्त अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
6. उप कुलसचिव / ओ.एस.डी. (गोपनीय / अकादमिक), संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
7. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. भोपाल
8. वेबसाईट प्रभारी अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
   – की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. कार्यालयीन नस्ती।

17.09.2026

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)